सं.ए.21011/1/2013-हि
भारत सरकार
अन्तरिक्ष विभाग

बेंगलूर-560 231
दिनांक : फरवरी 26, 2012

कार्यालय ज्ञापन

विषय : अन्तरिक्ष विभाग के राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केन्द्र(एनआरएससी), हैदराबाद में ₹.8700/- के श्रेणी वेतन पर ₹.37,400-67000 के वेतन बैण्ड में नियंत्रक के पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने के बारे में

...

विभाग के राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केन्द्र(एनआरएससी), हैदराबाद में ₹.8700/- के श्रेणी वेतन पर ₹.37,400-67000 के वेतन बैण्ड में नियंत्रक के पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने का प्रस्ताव है। भर्ती नियमों के अनुसार पात्रता मानदण्ड अनुबंध-। में दिये गये हैं। चयन किये गये अधिकारी का वेतन एवं अन्य सेवा शर्तें कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के समय-समय पर यथासंशोधित दि.05 जनवरी, 1994 के का.ज्ञा.सं.2/29/91-स्था.(वेतन-।।) के अनुसार विनियमित होंगी।

2. नियंत्रक भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के लगभग 1000 कर्मचारियों वाले राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केन्द्र, हैदराबाद, आन्ध्रप्रदेश जिला के प्रशासनिक प्रधान होंगे ।

3. केवल ऐसे अधिकारियों के आवेदनों पर विचार किया जायेगा जो कि उचित माध्यम द्वारा भेजे गये हों और जिनके साथ निम्न संलग्न हों । (i) **अनुबंध-।।** में दिये गये प्रपत्र में जीवन-वृत्त (ii) अधिकारी की अद्यतन सी.आर/ए.पी.ए.आर की छाया प्रतियाँ जो समूह-'क' के अधिकारी द्वारा विधिवत् सत्यापित हों और कम-से-कम पाँच वर्षों की सी आर/ए.पी.ए.आर. हों (iii) संवर्ग अनापत्ति (iv) सतर्कता एवं अनुशासन की दृष्टि से अनापत्ति, और (v) गत दस वर्षों में अधिकारी पर लगाई गई, बडी या छोटी शास्ति, यदि कोई हो, के ब्योरे का विवरण।

4. सभी मंत्रालय/विभागों/संवर्ग प्राधिकरणों तथा राज्य सरकार/संघ शासित राज्यों से अनुरोध है कि इच्छुक एवं पात्र अधिकारियों के आवेदन निर्धारित प्रपत्र में श्री एम पट्टाभि रामन, अवर सचिव, भारत सरकार, अन्तरिक्ष विभाग, अन्तरिक्ष भवन, न्यू बी.ई.एल.रोड, बेंगलूर-560 231 को भेज दें ताकि **02 अप्रैल, 2013** से पहले इस कार्यालय में प्राप्त हो सकें।

(के.एस.रामचन्द्र)
विशेष कार्य अधिकारी

सेवा में
अंग्रेजी सूची के अनुसार

## राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केन्द्र, (एनआरएससी) हैदराबाद में नियंत्रक के पद लिए पात्रता मानदण्ड

| | | |
|---|---|---|
| 01. | पद का नाम | राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केन्द्र, (एनआरएससी) हैदराबाद में नियंत्रक |
| 02. | वेतनमान/वेतन बैण्ड/वेतनमान | ₹37,400-67,000 + श्रेणी वेतन ₹8700 |
| 03. | पात्रता | निदेशक के स्तर (पीबी-4 श्रेणी वेतन ₹8700) पर राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केन्द्र, (एनआरएससी) हैदराबाद में नियंत्रक का पद। भर्ती नियम के अनुसार, पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरना होगा। पद के लिए पात्रता निम्नानुसार है :-<br><br>अखिल भारतीय सेवा अथवा केन्द्रीय सेवा समूह "क" में नियमित आधार पर सदृश्य पद धारण किये हुए अथवा समूह-क के पद पर 14 वर्ष की नियमित सेवा। |
| 04. | शैक्षणिक अर्हता | मान्यता प्राप्त भारत के किसी विश्वविद्यालय/ संस्थान से किसी भी शाखा में स्नातक। |
| 05. | अनुभव | सरकारी/स्वायत्त निकायों/ सार्वजनिक उपक्रमों में कार्मिक प्रबन्धन, सामान्य प्रशासन, वित्त, क्रय, माल सूची प्रबन्धन के क्षेत्र में अनुभव अपेक्षित है । |
| 06. | प्रतिनियुक्ति की अवधि | प्रतिनियुक्ति की अवधि जिसमें केन्द्रीय सरकार के उसी अथवा अन्य संगठन विभाग में इस नियुक्ति के तुरंत पहले धारित अन्य संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि शामिल है, सामान्यतया, 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी । |
| 07. | आयु सीमा | आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तारीख को प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष से अधिक न हो । |

अनुबन्ध-II

## राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केन्द्र, (एनआरएससी) हैदराबाद में नियंत्रक के पद लिए आवेदन

## प्रपत्र

| | | |
|---|---|---|
| 01. | नाम | |
| 02. | जन्म की तिथि | |
| 03. | पदनाम व श्रेणी वेतन के साथ वेतन बैण्ड | |
| 04. | किस संवर्ग/सेवा में आते हैं | |
| 05. | शैक्षिक अर्हता | |
| 06. | क्या अनु.जा./अनु.जा.जा./अल्पसंख्यक हैं | |
| 07. | वर्तमान पद का विवरण<br>क) दिनांक जिससे इस पद पर हैं<br>ख) श्रेणी वेतन के साथ वेतन बैण्ड<br>ग) स्थायी/तदर्थ/प्रतिनियुक्ति<br>घ) यदि वर्तमान पद 'प्रतिनियुक्ति पर' धारण किये हैं, तो कब से प्रतिनियुक्ति की अवधि के पूर्ण होने का दिनांक<br>ङ) यदि धारित पद प्रतिनियुक्ति पर है तो इस संवर्ग में नियमित पद धारण करने का दिनांक, श्रेणी वेतन एवं वेतन बैण्ड सहित | |
| 08. | पिछले 10 वर्ष के दौरान धारित पद | |

| क्र.सं. | कार्यालय/संगठन का नाम जहाँ नियोजित हैं | धारित पद और वह सेवा/संवर्ग जिसके अधीन आता है | से | तक | श्रेणी वेतन के साथ वेतन बैण्ड | निम्नलिखित क्षेत्रों में कार्य की प्रकृति का सार:--<br>(क).प्रशासन<br>(ख).सतर्कता<br>(ग).वित्तीय मामले |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |

9. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई है, जिसका उल्लेख, आप इस पद पर अपने आवेदन की पुष्टि के लिए करना चाहें :

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर
दूरभाष सं............
मोबाइल नं............
क) कार्यालय का पता:
ख) आवास का पता

स्थान :
दिनांक :

अनुबन्ध-III

## नियोक्ता/कार्यालय प्रधान/ प्रेषक अधिकारी द्वारा दिया जाने वाला प्रमाण पत्र

1. यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी................................ द्वारा दिया गया विवरण सही है और यह अनुबन्ध-II मे उल्लिखित शैक्षिक अर्हता तथा अनुभव प्राप्त किये हुए हैं ।

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है, कि उनके विरुद्ध न कोई अनुशासनात्मक/ सतर्कता मामले लंबित हैं अथवा विचार किया जा रहा है ।

3. उनकी निष्ठा प्रमाणित की जाती है ।

4. पिछली 10 वर्ष की अवधि के दौरान श्री/श्रीमती/कुमारी................................ पर किसी प्रकार की बडी या छोटी शास्ति नहीं लगाई गई थी।

5. श्री/श्रीमती/कुमारी................................ के संबंध में ए.सी.आर./ए.पी.ए.आर. की अद्यतन की गई सत्यापित छाया प्रतियाँ (ए.सी.आर./ए.पी.ए.आर. की प्रत्येक छाया प्रति सत्यापित की जानी चाहिए) इसके साथ संलग्न हैं ।

हस्ताक्षर :

प्रेषक अधिकारी का
नाम, पदनाम
मुहर के साथ
दूरभाष सं.

मोबाइल सं.

स्थान:

दिनांक: